-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 04.07.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना अतर्रा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से हुई चोरियों का खुलासा करते हुए अभियुक्त को सूचना के 24 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व चोरी के आभूषण सहित 58.8 हजार रुपए नगदी बरामद ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 04.07.2025 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 24 घण्टे के भीतर अवैध तमंचा व चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना अतर्रा क्षेत्र के महोतरा के रहने वाले रामनरेश यादव ने कल दिनांक 03.07.2025 को अपने घर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किए जाने के सम्बन्ध में सूचना दी। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इस क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को महोतरा से सूचना के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस तथा आभूषण सहित नगद रुपए बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने बताया कि दिनांक 02.07.2025 की रात्रि को महोतरा में चोरी की थी जिसके ये सभी बरामद आभूषण व 50300 रुपये नगदी है तथा कुछ दिन पूर्व उसने थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम दुबरिया से चोरी की थी जिसके 8500 रुपये नगद है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार सम्बन्धित मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी-

- 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
- 58 हजार 800 रुपये नगद चोरी के
- सफेद व पीली धातु के आभूषण व अन्य सामान (गले के हार, टप्स, झुमकी, बिछिया, पायल, मंगलसूत्र आदि सहित चेकबुक व कलाई घड़ी)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. योगेन्द्र उर्फ नगेन्द्र वर्मा पुत्र देवनाथ उर्फ भग्गू वर्मा निवासी पुन्ना का पुरवा, खटौरा थाना अतर्रा जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 247/25 धारा 331(4)/305(A)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अतर्रा जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0- 61/25 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस थाना बदौसा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री ऋषिदेव सिंह प्र0नि0 अतर्रा
2. उ0नि0 श्री संतलाल सरोज
3. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार सोनी
4. कां0 पंकज सिंह
5. कां0 शुभम सिंह
6. कां0 कृष्णकान्त